JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

2021/06/358–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक :** 27.06.2021

राजस्थान सरकार द्वारा लागू त्रि–स्तरीय जन अनुशासन दिशा–निर्देश 3.0 के क्रम में दिनांक 28.06.2021 से मेट्रो का संचालन प्रातः 06:20 बजे से सांय 07:30 बजे तक रविवार को छोड़कर हर 10 मिनट के अंतराल में होगा।

जयपुर 27 जून। राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में त्रि–स्तरीय जन अनुशासन दिशा–निर्देश 3.0 के अनुसार जन अनुशासन लॉकडाउन को ध्यान में रखते हुए मेट्रो का संचालन दिनांक 28.06.2021 प्रातः 06:20 से सांय 07:30 बजे तक रविवार को छोड़कर हर 10 मिनट के अंतराल में रहेगा। जिसके तहत् बड़ी चौपड़ से मानसरोवर के लिए अंतिम ट्रेन सांय 07:30 बजे तथा मानसरोवर से बड़ी चौपड़ हेतु अंतिम ट्रेन सांय 07:30 बजे चलेगी और मेट्रो पूरे दिन में कुल 156 फेरे लगाएगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि मेट्रो परिचालन की यह व्यवस्था राज्य सरकार की आगामी आदेशों तक बनी रहेगी। मेट्रो में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने का पूरा इंतजाम किया गया है। मेट्रो में यात्रा के दौरान स्वीकृत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) को शत–प्रतिशत लागू करने हेतु मेट्रो कर्मचारी एवं मेट्रो पुलिस मौजूद रहेंगे। जयपुर मेट्रो प्रशासन द्वारा कोरोनावायरस कोविड–19 रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी समस्त निर्देशों की सख्ती से पालना की जाएगी तथा बिना मास्क के यात्रा नहीं की जा सकेगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा ने यह भी बताया कि छोटी चौपड़ मेट्रो पर स्थित आर्ट गैलेरी प्रातः 09:30 से सायं 05:30 खोली जाएगी।

जनसम्पर्क अधिकारी